## खबर संक्षेप



### 250 किलो महुआ लाहन कराया गया नष्ट

**कटनी।** एनकेज पुलिस ने बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराने की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा नशे पर अंकुश लगाने के लिए अवैध शराब विक्रय एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के पालन में थाना प्रभारी एनकेजे रूपेन्द्र राजपूत द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब के ठिकानों पर कार्यवाही की गई। शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुरखी टैंक मछली पालन के पास मे बड़ी मात्रा अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए महुआ लाहन पकड़ा गया। पुलिस टीम जब सुरखी टैंक पहुंची तो झाड़ियो के नीचे 20 प्लास्टिक के डिब्बो मे लगभग 250 किलोग्राम महुआ लाहन मिला। जिसको वही पर विधिवत नष्ट किया गया। थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा की एनकेजे पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि रुपेन्द्र राजपूत, प्र.आर. प्रहलाद सैयाम, प्र.आर. आरिफ हुसैन, आर. राजेश काछी, एनआरएस सोनू कहार, एनआरएस धुरेन्द्र यादव, साइबर सेल से आर शुभम गौतम एवं अमित श्रीपाल की भूमिका रही।

### फरार आरोपित को पुणे से किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** बाकल पुलिस ने गंभीर अपराध में फरार चल रहे आरोपी को केवल 5 दिनों में महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। बाकल थाना के प्रकरण में आरोपी संदीप लोधी पिता कालूराम लोधी निवासी चनपुरा घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश में थाना बाकल पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम गठित की गई।टीम ने तकनीकी साधनों और मानवीय स्रोतों से मिले इनपुट्स के आधार पर लगातार खोजबीन जारी रखी और अंततः आरोपी का पता पुणे, महाराष्ट्र में लगाया। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने वहां दबिश दी और आरोपी संदीप लोधी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे जिला जेल निरुद्ध किया गया।

### इलेक्ट्रॉनिक बस संचालन हेतु नगर निगम की तैयारियां हुई तेज



**कटनी।** नगर में इलेक्ट्रॉनिक बस संचालन की सुविधा शीघ्र प्रारंभ किए जाने की दिशा में नगर निगम की तैयारियाँ गति पकड़ चुकी हैं। निर्माणाधीन झिंझरी बस स्टैंड में इलेक्ट्रॉनिक बसों के चार्जर ट्रांसफार्मर पॉइंट की स्थापना हेतु वसंबंधित अधिकारियों द्वारा भूमि के चयन हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, आसित खरे, सहायक यंत्री सुनील सिंह, संजय मिश्रा सहित इलेक्ट्रिक बस संचालन हेतु अनुबंधित योलो बस प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के एजीएम श्री राकेश कुमार, टेक्निकल हैड श्री राजेश, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर जितेंद्र पटेल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चार्जिंग यूनिट की तकनीकी आवश्यकताओं, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा मानकों एवं बसों के आवागमन हेतु समुचित मार्ग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। निगम अधिकारियों ने संबंधित एजेंसी को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम का इलेक्ट्रॉनिक बस संचालन का मुख्य उद्देश्य आगामी दिनों में पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रॉनिक बसों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर, प्रदूषणमुक्त एवं आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।

---

बिलहरी में रात करीब 11 बजे हुआ हादसा, घंटों की मशक्कत के बाद तालाब से निकाली कार

## रेलिंग तोड़कर तालाब में गिरी कार, 2 युवकों की हुई मौत, दो ने तैरकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






कुठला थाना क्षेत्र के बिलहरी में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। कार पहले सड़क किनारे खड़े एक ऑटो रिक्शा से टकराई और फिर उछलकर रेलिंग तोड़ते हुए लक्ष्मण सागर तालाब में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवकों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार रात करीब साढ़े 11 बजे चार युवक कार से कटनी से बिलहरी लौट रहे थे। बिलहरी पहुंचने से ठीक पहले तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया। कार पहले किनारे खड़े एक ऑटो से जोरदार टकराई, जिससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में जा समाई। पानी में गिरते ही कार डूबने लगी। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार बिलहरी निवासी विकास तिवारी पिता विनोद तिवारी 27 साल पुणे में काम करता था और एक महीने पहले उसने कार खरीदी थी। युवक बिलहरी अपने घर आया था और शनिवार को साथी प्रशांत नायक पिता प्रकाश नायक 28 साल, अभिषेक चौरसिया पिता नारायण चौरसिया, 26 साल, अमन ताम्रकार पिता मुकेश ताम्रकार 26 साल के साथ रात को कार से कटनी आया था।



रात 11 बजे के लगभग चारों कार से वापस घर लौट रहे थे। बिलहरी लक्ष्मण सागर तालाब के पास पहुंचते ही उनकी तेज रफ्तार कार ऑटो रिक्शा से टकराई और अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए तालाब में गिर गई। कार सवार अभिषेक ने अपने साथ पीछे बैठे अमन ताम्रकार को दरवाजा खोलकर बाहर निकाल लिया और अन्य दो को बचाने का प्रयास किया लेकिन कार के दरवाजे लॉक थे। दो दोस्त तो बाहर निकल आए लेकिन दो अंदर ही फंसे रह गए। हादसे में प्रशांत नायक (28) और विकास तिवारी (26) की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच शोर शराबा सुनकर ग्रामीण घरों से निकल आए और नजदीक ही बिलहरी पुलिस चौकी को सूचना दी। मौके पर कुठला थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा, चौकी प्रभारी सुयश पांडे बल के साथ पहुंच गए। क्रेन की मदद से तीन घण्टे की मशक्कत के बाद कार को बाहर निकाला गया और दोनों युवकों को बाहर निकालते हुए उनको जिला अस्पताल भेजा गया।

---

## विधिक सेवा सप्ताह 2025 का मैराथन दौड़ के साथ हुआ आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

"न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025" का आरंभ रविवार को मैराथन दौड़ के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगणों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ प्रातः 08:00 बजे पुलिस पेट्रोल पंप झिंझरी कटनी से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी तक आयोजित की गई।, उक्त कार्यक्रम "न्याय के लिए दौड़-कानूनी जागरूकता की ओर प्रत्येक कदम" विषय पर आधारित इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी और जागरूकता को मज़बूत करना था।, इस संबंध में योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रदर्शनी आयोजित की गई।

इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025" ने मैराथन दौड़ में स्थान प्राप्त करने वालों को एवं सहभागिता देने वाले समस्तजनों को शुभकामनाएं दी एवं सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त अतिथिगणां एवं समस्त का आभार व्यक्त किया।

मैराथन दौड़ में 14 वर्ष के बच्चों में अंकुर पटेल ने प्रथम, देविका कुमरे ने द्वितीय, अर्नव पटेल ने तृतीय, 19 वर्ष के बच्चों में ऋषभ पांडे ने प्रथम, अस्मित तिवारी ने द्वितीय, रूपेश सिंह ने तृतीय एवं इसी क्रम में 19 वर्ष के उपर कोर्ट स्टॉफ के विनोद कुमार धुर्वे ने प्रथम, विनय साहू ने द्वितीय, जिला लाल बैगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### नुक्कड़ नाटक

कार्यक्रम के दौरान पॉलीटेक्निक कॉलेज की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक में डॉ. गीतांजली गौतम के मार्गदर्शन एवं वेंकटेश्वर सिंह द्वारा टीम का मार्गदर्शन किया गया एवं श्रीमती अंजू रेखा तिवारी अधिवक्ता द्वारा नाटक के आयोजन में विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में मैराथन दौड एवं नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025" अंतर्गत निर्धारित तिथियों में अनेक गतिविधियाँ शामिल है, जिनका सप्ताह भर आयोजन किया जाना है।

कार्यक्रम का संचालन हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर संतोष लोकचंदानी, मुकेश द्विवेदी, आराधना तिवारी, प्रीति सेन उपस्थित रही।

---

*वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिले भर में पुलिस ने चलाया काम्बिंग गश्त अभियान*

## कॉम्बिंग गश्त में 151 वारंटियों की गिरफ्तारी, 39 आबकारी प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कटनी पुलिस ने शनिवार रात जिलेभर में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस की इस व्यापक कार्रवाई में विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी 151 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं 39 आबकारी प्रकरण दर्ज कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई।

अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन और डीजीपी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार संचालित किया गया।कॉम्बिंग गश्त के दौरान



पुलिस ने 41 स्थायी वारंटियों, 110 अन्य वारंटियों और 18 जमानती वारंटियों को तामिल किया। इसके साथ ही 55 निगरानी बदमाशों और 49 गुंडा बदमाशों की गहन जांच की गई। पुलिस ने "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध 39 प्रकरण दर्ज किए और भारी मात्रा में शराब बरामद की।

अभियान में 06 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत नशे में वाहन चलाने पर कार्रवाई कर उनके वाहन जब्त किए गए। इसके अलावा जुआ अधिनियम के तहत 04 प्रकरण पंजीबद्ध कर जुआ खेलते आरोपियों पर कार्रवाई की गई।बीएनएसएस की धाराओं के तहत 07 परिशांति



भंग करने वाले आरोपियों पर, 122 मामलों में शांति बनाए रखने हेतु तथा 23 व्यक्तियों पर अन्य प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, देर रात घूमने वालों को चेतावनी और बैंकों-एटीएम पर औचक निरीक्षण किया।

---

## जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं स्वेटर का वितरण



शीत काल के प्रारंभ होते ही बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा बेसहारा,निर्धन एवं बेघर लोगो की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते हुए जरूरतमंद लोगो को हर मौसम में चाहे तेज गर्मी हो, झमाझम बरसात या फिर कड़ाके का ठंड हो हमेशा संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन, वस्त्र, कम्बल, शाल एवं स्वेटर का वितरण करते हैं। इसी तारतम्य में संस्था के द्वारा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर एवं रेलवे स्टेशन कटनी में बेसहारा निर्धन एवं बेघर लोगों को कम्बल शाल एवं स्वेटर के वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी सहित रविकांत राय, संगीता बर्मन, राजेश कुमार चौधरी, सुरंजना सिंह, माया गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया

---

## आईटीआई एवं इंडस्ट्रीज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन और मार्गदर्शन में निजी होटल मे ₹इग्नाइट₹ प्रोजेक्ट अंतर्गत आईटीआई एवं उद्योगों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु ₹इग्नाइट मीटिंग (IGNITE Meeting) का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करना, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देना एवं संस्थान उद्योग समन्वय को मजबूत करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर ने की।

प्राचार्य आईटीआई कटनी देवेश



कुमार मिश्रा ने बताया किउद्योग केंद्र से जीएम ज्योति चौहान, औद्योगिक इकाइयों से सुधीर मिश्रा वाईस प्रेसीडेंट लघु उद्योग संघ भोपाल, पवन मित्तल प्रेसीडेंट , हरसिंह भदौरिया, आईएमसी चेयरमेन कटनी, मनीष सिंह आईएमसी चेयरमेन बहोरीबंद, अमित सिंघई आईएमसी चेयरमेन विजयराघवगढ, जितेन्द्र मिश्रा , हीरा लाल एवं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधक, एचआर अधिकारी, सीमेंश कंपनी दिग्विजय सिंह राजपूत , जागेश्वर एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, और मोटर मैकेनिक आदि ट्रेड में संस्थान ने यह आश्वासन दिया कि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप और अधिक व्यवहारिक बनाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इंडस्ट्री विजिट, अप्रेंटिसशिप एवं ऑन-जॉब ट्रेनिंग (OJT) के अवसरों को बढ़ाया जाएगा।

---

*धान खरीदी से पहले व्यापारी कर रहे स्टाक, कार्यवाही से मचा हड़कंप*

## दुकान में 700 क्विंटल धान का किया था स्टॉक, संयुक्त दल ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसंबर 2025 से होनी है लेकिन उपार्जन कार्य से पहले व्यापारी धान का भारी मात्रा मै स्टॉक करना शुरू कर दिए है। व्यापारी किसानों से कम दामों पर धान खरीदी कर समर्थन मूल्य पर खपाने का खेल खेलते है

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पहले कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी ओर राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा स्लीमनाबाद में पेट्रोल पम्प के सामने से पीछे की ओर वाली दुकानों का ओचक निरीक्षण किया जहाँ श्रीलाल हल्दकार जिनकी श्री



ट्रेडर्स के नाम पर हार्डवेयर की दुकान है। उनकी गोदाम में दबिश दी गईं तो 700 क्विंटल धान एवं 175 क्विंटल गेंहूँ भंडारित पाया गया। इतनी बड़ी संख्या में धान का स्टॉक होने पर अधिकारियो ने धान स्टॉक संबंधित दस्तावेज मांगे जो श्रीलाल हल्दकार पेश नहीं कर पाए जिस पर कृषि उपज मंडी विभाग द्वारा मंडी एक्ट 1972 के तहत कार्यवाही की गईं।

कार्यवाही में उक्त गोदाम को सीज कर हेंडओवर कर लिया। कार्रवाई होते ही व्यापारियों मै हड़कंप मच गया। खाद्य विभाग के सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर यह जाँच पड़ताल की गईं जिसमें स्लीमनाबाद के श्रीलाल हल्दकार की गोदाम पर बड़ी मात्रा पर धान मिली। धान के स्टॉक से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले जिस पर कार्रवाई प्रस्तावित की गईं।

इस दौरान नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव सहित कृषि मंडी के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

दद्दाधाम में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

## शिवलिंग बनाने उमड़े श्रद्धालु, संजो बघेल ने भजनों की प्रस्तुति से बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दद्दाधाम में रविवार से पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन शुरू हो गया है। पहले दिन शिवलिंग निर्माण और महारुद्राअभिषेक का कार्यक्रम हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने शिवलिंग बनाये और विधि विधान से उनका अभिषेक किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने सुबह से ही धार्मिक और सामाजिक रंग धारण कर लिया था। प्रातःकालीन आरती की ध्वनि गूंजी, श्रद्धालु बड़ी संख्या में स्थल पर पहुंचने लगे। भोर होते ही भक्तों ने शिवलिंग निर्माण की पवित्र प्रक्रिया शुरू की, जिससे पूरा परिसर "हर हर महादेव" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। प्राण प्रतिष्ठा



महोत्सव में सुबह डॉ. अनिल शास्त्री ने पंडाल पहुंचकर पंडित नीरज त्रिपाठी के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भक्तों से संवाद किया और आयोजन समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की।

डॉ. शास्त्री ने श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे शिवलिंग निर्माण की गतिविधियों को देखा और इस पवित्र कार्य में जुटे भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से समाज में धार्मिक चेतना और एकता का संदेश प्रसारित हो रहा है। उनके आगमन पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। बड़ी संख्या में भक्तों ने डॉ. शास्त्री जी से आशीर्वाद लिया। पूरे परिसर में "जय दद्दा जी" और "हर हर महादेव" के जयघोष गूंज उठे।

आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। चारों तरफ मंत्रोच्चार की ध्वनियाँ गूंज रही हैं। वातावरण पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश भी दे रहा है। शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से श्रद्धालु पहुंच कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मशहूर लोक गायिका संजो बघेल की भजनों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ पंडाल तालियों की गूंज और जयघोषों से सराबोर हो उठा। संजो बघेल ने मंच पर एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। "हर हर महादेव", "जय दद्दा जी" और "जय श्री राम" के गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। हजारों की संख्या में उपस्थित भक्त देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्ति और उल्लास से भरा रहा। मंच पर संजो बघेल ने अपनी मधुर आवाज़ और ऊर्जावान प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान दद्दा जी की महिमा पर आधारित गीतों के साथ-साथ लोकधुनों से भी माहौल जीवंत कर दिया।

---

## अलग अलग स्थानों से देशी एवं कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार उमरियापान पुलिस ने ग्राम भसेडा निवासी विजय भूमिया 32 साल से पास से 18 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब बरामद की गई। इसी तरह ग्राम उमरिया पान निवासी संतोष चौरसिया 56 साल के पास से 22 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। ग्राम पौडी खुर्द निवासी अखिलेश बर्मन 35 के पास से 52 पाव देशी मदिरा प्लेन अवैध शराब जब्त की गई। इसी तरह ग्राम पकरिया निवासी गुलाब पटेल 45 साल के कब्जे से 21 पाव देशी मदि प्लेन बरामद की गई। वहीं ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम खम्हरिया निवासी राहुल साहू 25 साल से पास से 15 पाव देसी प्लेन 7 पाव लाल मसाला शराब जब्त की। ग्राम कछार गांव निवासी राजेश कोल 30 साल को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। ग्राम दशरमन निवासी नरेश कोल 54 साल से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की। इसी तरह कैमोर पुलिस ने लालनगर तिलक चौकनिवासी सेमाल कोल 62 वर्ष के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की। बरही पुलिस ने जारारोडा निवासी अशोक कुमार सेन 42 साल को 22 पाव देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा। वहीं राजभान सिंह गोंड 36 साल निवासी ददरा टोला नदावन से 17 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई।

## खबर संक्षेप

### दद्दा धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे अभिनेता आशुतोष राणा

**कटनी।** दद्दा धाम में रविवार से आयोजित पांच दिवसी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे। अभिनेता राणा ने सबसे पहले दादा जी की समाधि स्थल पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय ध्यानमग्न रहे। इस दौरान उन्होंने शिष्य मंडल और आयोजन समिति के सदस्यों से भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। उन्होंने महोत्सव की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि “यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महान प्रयास है।

### बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना शुरू

**कटनी।** बिजली बिल के बकायादारों के लिए मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा समाधान योजना 2025-26 शुरू की गई है। इसके अंतर्गत विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है। यह योजना 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहले चरण में 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा रहेगी।

### हल्दी, अश्वगंधा व तुलसी की खेती बनी वरदान

**कटनी।** विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी निवासी देवीसिंह पिता शिवनंदी ने नाबार्ड की नाँनबाड़ी परियोजना से जुड़ कर हल्दी, अश्वगंधा और तुलसी की खेती से 45 हजार रुपए और मुर्गी पालन से 16 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित कर परिवार के लिए अतिरिक्त आमदनी अर्जित की। वर्तमान में देवी सिंह को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। देवी सिंह एक सीमांत किसान हैं, जिनके परिवार में कुल 6 सदस्य हैं। परिवार की आजीविका का मुख्य साधन कृषि एवं पशुपालन है। देवी सिंह के पास कुल 5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे रबी सीजन में गेहूं और चना, तथा खरीफ सीजन में धान की खेती करते हैं। इसके अलावा घरेलू उपयोग के लिए वे सब्जियाँ भी लगाते हैं। पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में देवी सिह नाबार्ड की नॉनबाड़ी परियोजना से जुड़े। समिति से जुड़ने के बाद उन्होंने जैविक खेती, कम लागत वाली कृषि तकनीक, मुर्गी पालन एवं औषधीय फसलों की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के पश्चात देवी सिंह ने जैविक कृषि पद्धतियाँ और नई तकनीकों को अपनाया, जिससे खेती की लागत में कमी आई और फसल की गुणवत्ता में सुधार हुआ। परियोजना के अंतर्गत उन्हें हल्दी, अश्वगंधा और तुलसी के बीज प्राप्त हुए, जिनकी उन्होंने 0.5 एकड़ भूमि में खेती शुरू कर दी है पहले साल ही किसान को अच्छा उत्पादन हुआ और इस वर्ष हल्दी और तुलसी का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है।

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए मासांत तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** कृषि तकनीक, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को ₹सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर एक्सटेंशन आत्मा₹ योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिला और विकासखंड स्तरीय कृषक पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, अभियांत्रिकी इन्टरप्राइजेज गतिविधियों से सम्बन्धित एक-एक किसान को जिला स्तर पर 25 हजार रूपये का एवं प्रत्येक विकासखंड से विभिन्न गतिविधियो के एक-एक किसान को 10 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। इच्छुक किसान अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार आधिकारी, बी.टी.एम., ए.टी.एम. से संपर्क कर 30 नवंबर तक आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते है।

---

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान बाकल पुलिस ने की कार्रवाई, 11 हजार नकदी जब्त

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की राइस मिल में सजा था जुआ फड़, पहुंच गई पुलिस, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बाकल पुलिस ने कांबिंग गस्त के दौरान शनिवार की रात भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के राइस मिल मे दबिश दी। जहाँ आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को तास के 52 पत्तों सहित नगदी 11 हजार रुपए जप्त किये गए।आरोपियों के विरुद्ध जुआं एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है। वहीं चार आरोपी मौके से भाग खड़े हुए जिनके विरुद्ध भी पुलिस द्वारा जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही कर तालाश शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस द्वारा आधा दर्जन से अधिक जुआरियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के बाद अनैतिक कार्य करने वालों में हड़कंप मच गया है।बाकल थाना प्रभारी (प्रशिक्षु)डीएसपी शिवा पाठक ने बताया कि शनिवार की रात थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा कांबिंग गस्त की जा रही थी।

इसी दौरान सूचना मिली कि राइस मिल में कुछ जुआरियों द्वारा रुपए की हार जीत का खेल खेला जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर दविश दी गई थी। जहां अग्रवाल राइस मिल में धर्मेंद्र सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर 31 वर्ष, अमित अग्रवाल पिता दालचन्द अग्रवाल 25 वर्ष लक्ष्मण लोधी पिता कालूराम 38 वर्ष, अनिल कुमार दुबे पिता मदन गोपाल दुबे 30 वर्ष, शंकर सिंह पिता गेंद सिंह लोधी 40 वर्ष, शोभित जैन पिता संजय जैन 30 वर्ष, संदीप साहू पिता राम बिहारी साहू 30 वर्ष को पकड़ गया। साथ कुछ भागने में सफल हो गए। भागने वालों में शाहिद ताज पिता शेख सादिक, सौरभ सिंह, शिवम उर्फ गम्मू सोनी पिता रविशंकर सोनी एवं अग्रवाल राईस मिल संचालक पीयूष अग्रवाल सभी निवासी बाकल के विरुद्ध धारा 13,4 जुआं एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। आरोपी के कब्जे से नगदी 11 हजार रुपए व तास के पत्ते जप्त किए गए हैं।

### बाइक सवार युवक से 15 हजार रूपए का गांजा किया जब्त, भेज गया जेल



स्लीमनाबाद पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को पकडा गया जिसे न्यायलय में पेश किया गया। न्यायलय से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने बताया कि शनिवार की रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति तिहारी पुलिया के नीचे मोटरसाइकिल सवार एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेना पर उसके पास से 1 किलो 274 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत करीबन 15,000 रुपए आंकी गई। मोटरसाइकिल होंडा शाइन क्रमांक MP21ZC5755 भी जब्त की गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनोज जायसवाल 35 साल निवासी ग्राम धनवाही का होना बताया। युवक के विरुद्ध 8/20 NDPS act के तहत कार्यवाही की गईं। कार्यवाही में एसआई किशोर द्विवेदी, एएसआई मथुरा प्रसाद, प्रधान आरक्षक अंकित दुबे, शेख यूसुफ,आरक्षक सोनेसिंह,आशीष पटेल एवं अभिषेक राजावत की भूमिका रही।

---



## 'सुपर सीडर' से कम हुई कृषि की लागत, समय की भी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अनुदान पर प्रदत्त 'सुपर सीडर' यंत्र का उपयोग करके कटनी जिले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पान उमरिया के किसान प्रेम कुमार मांझी ने आधुनिक तकनीक को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए न केवल अपनी खेती की लागत घटाई बल्कि अन्य किसानों को भी इस यन्त्र के उपयोग के लिए प्रेरित कर रहें हैं।

पिछले वर्ष तक किसान श्री मांझी भी अन्य किसानों की तरह धान या अन्य फसलों की कटाई के बाद खेत में बचे हुए अवशेष (नरवाई) को जलाते थे। जिससे प्रदूषण होता था और मिट्टी के महत्वपूर्ण पोषक तत्व नष्ट हो जाते थे। लेकिन कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उन्हें अनुदान पर 'सुपर सीडर' यंत्र उपलब्ध हुआ, जिसने उनकी खेती का तरीका ही बदल दिया। प्रेम कुमार मांझी बताते हैं कि सुपर सीडर मिलने से अब हमें नरवाई (पराली) जलाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। यह यंत्र पिछली फसल के अवशेषों को बड़े आसानी से काटकर सीधे मिट्टी में मिला देता है, जिससे नरवाई का प्रबंधन खेत में ही हो जाता है। यह एक तरह से मिट्टी के लिए खाद का काम करता है।

इस यंत्र का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बिना खेत की जुताई किए, नरवाई के बीच ही सीधे गेहूँ की बुवाई कर देता है। इससे समय की बचत होती है। सही गहराई और दूरी पर बुवाई से बीज की बर्बादी कम होती है और लागत घटती है और अंकुरण बेहतर होता है। साथ ही नरवाई के मिट्टी में मिलने से पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है, जिससे अधिक पैदावार प्राप्त होती है।

---

*नगर निगम सामुदायिक भवन में भागवत कथा का हो रहा आयोजन*

## श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण रूकमणि का विवाह धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे ।

उक्त आशय के विचार महारानी लक्ष्मीबाई तिराहा एमजीएम रोड मोहन टाकीज के पीछे स्थित नगर निगम सामुदायिक भवन मे चल रहे संगीतमय श्रीमद् भगवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह के अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक आचार्य श्री श्रीवत्स महाराज ने व्यक्त किया ।

श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया । आचार्य श्री श्रीवत्स महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुकमणी विवाह आदि प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था। लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण सत्य मार्गी है इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी अंत भगवान द्वारकाधीश जी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नि के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया।

शिल्पी सोनी ने आचार्य श्रीवत्स महाराज को माला पहनाकर सम्मान कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यजमान रानी शर्मा बल्लू शर्मा रज्जन शर्मा उपस्थित रहे।

---

## सिलौड़ी में एसआईआर को लेकर हुई कार्यशाला



सिलौंडी मंडल कार्यसमिति एवं त्रिदेव कार्यशाला SIR मतदाता सूची विशेष गहन पुनर्निरिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी मंडल प्रभारी जितेंद्र अरोरा, मंडल संयोजक अरविंद तिवारी, सरपंच सांकेत लोनी ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष सुशील पाल की रही। सभी बूथ अध्यक्ष ,बूथ बी एल ए 2 उपस्थति रहे। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने की बैठक की विषय वस्तु रखते हुए कार्य शाला प्रारम्भ की तदुपरान्त SIR बारे में विस्तृत जानकारी दी । उपरांत संतोष सेन ने आभार प्रदर्शन किया कार्यशाला बैठक का संचालन महामंत्री अरविंद तिवारी ने किया । बैठक में मंडल उपाध्यक्ष शैलेष जैन ,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, कार्यालय मंत्री विनोद बागरी ,महामंत्री सदन तिवारी सरपंच संदीप यादव ,राजेंद्र तिवारी ,गणेश बागरी , गोविंद सिंह बागरी,कमल बर्मन ,सूर्य प्रकाश मिश्रा, सुरेंद्र सिंह ,राजू लोनी ,नारायण सिंह ,राजेंद्र दुबे ,कपिल बागरी ,प्रवीण बर्मन सहित सभी कार्यकर्ता बंधू उपस्थित रहे ।

---

## एड्स एवं रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय कटनी से आये काउंसलर हेमंत श्रीवास्तव, तकनीशियन राघवेंद्र शर्मा एवं हिमालय गुप्ता की उपस्थिति में एच. आई. वी. एड्स एवं रक्तदान जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने कहां कि विश्व से एच.आई.वी. संक्रमण और एड्स को जन जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। जिसके लिए लोगों को एच.आई.वी. और एड्स के बारे में सही जानकारी दिए जाने की आवश्यकता है। काउंसलर हेमंत श्रीवास्तव ने पी.पी.टी. के माध्यम से एचआईवी एड्स से सम्बंधित जानकारियां देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं बताया कि एच.आई.वी. यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस एक ऐसा वायरस है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है। साथ ही रक्तदान का महत्व बताते हुए सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान ही मानव जीवन बचाने का एकमात्र उपाय है। जिसके लिए 18 से 65 वर्ष की आयु के प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

---

*प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष एवं कलेक्टर होंगे सदस्य सचिव*

## सीएम की अध्यक्षता में कटनी जिले की जिला विकास सलाहकार समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के लिए दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में कटनी जिले की जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है।इस समिति के उपाध्यक्ष परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह हैं।

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा जारी जिला विकास सलाहकार समिति गठन आदेश में प्रभारी मंत्री द्वारा नामित उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान,समाजसेवा, चिकित्सा विधि आदि क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इस समिति के सदस्य सचिव कलेक्टर होंगे। जबकि सदस्य के तौर पर सांसद खजुराहो श्री वी डी शर्मा और सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्रि सिंह सहित सभी विधायकों सर्वश्री संजय सत्येन्द्र पाठक विजयराघवगढ़, संदीप जायसवाल मुड़वारा, बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय, बडवारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह और महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा सहित सभी छह जनपद पंचायतों के अध्यक्षों को भी सदस्य बनाया गया है।

इसके अलावा परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा नामित उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान,समाजसेवा, चिकित्सा विधि आदि क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। इनमें समाजसेवा के लिए दीपक टंडन सोनी,काशी गुप्ता, डॉ उमा निगम व शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी एवं डॉ ब्रम्हा जसूजा तथा शिक्षा के लिए रंगलाल पटेल कारीतलाई, कृषि क्षेत्र से उदयराज सिंह चौहान, योगेन्द्र सिंह,रवि पांडेय कूडन को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार विधि क्षेत्र से रामकृपाल यादव ग्राम अमोच, उमेश मिश्रा तथा व्यापार से पी डी अवस्थी,विजय गुप्ता, जितेन्द्र अरोरा, राम रतन पायल, नवनीत खंडेलवाल, शैलेन्द्र जैन, और उद्योग सेक्टर से मनीष गेई,अनिल वासवानी जिला विकास सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

इस नवगठित समिति का उद्देश्य जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की ज़रूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएँ बनाना और जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के ₹वोकल फॉर लोकल₹ के सिद्धांत के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय,अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोड मैप तैयार करना है। साथ ही जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के सुझावों पर विचार करना और जिले में स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप देना एवं रोजगार सृजन एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के संबंध में सुझाव देना है।

---

### मेला के अंतिम दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं इनामी दंगल का हुआ

## विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ कटायेघाट मेला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम कटनी द्वारा श्री बजरंग कटायेघाट मेला 5 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। जिसका रविवार 9 नवंबर को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया। पांच दिवसीय मेला के अंतिम दिवस रविवार को विभिन्न स्कूलों के बच्चों के गायन, नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ ही रोचक इनामी दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर लुत्फ उठाकर कार्यक्रमों की सराहना की।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में इस वर्ष आयोजित मेले को आधुनिक साज सज्जा के साथ भव्य स्वरूप प्रदान करते हुए प्रत्येक दिवस विज्ञान प्रदर्शनी, एकल गायन, एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, दंगल, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल,दंगल के साथ ही प्रेरणादाई एवं सामाजिक संदेश प्रसारित करती फिल्मों निल बटे सन्नाटा, आई एम कलाम, सुंदरकांड, कृष्ण लीला, दिवाली नृत्य, आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेले में शहर तथा ग्रामीण दुकानदारों द्धारा लगाई गई दुकानें एवं अजमेर से आए झूले बच्चों का आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

मेले के समापन कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, मंचासीन अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी एवं अन्य खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर के विभिन्न स्कूलों के विजेता छात्र छात्राओं सहित नगर निगम के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कुल 53 अधिकारी कर्मचारियों को पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे विजेता प्रतिभागी

मेले में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल गायन प्रतियोगिता में वर्ग अ में शौर्य मेहतो, वर्ग ब में श्रृष्टि दहायत एवं वर्ग स में धैर्य उपाध्याय ने प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में वर्ग ब में दृष्टि उरमलिया तथा वर्ग स में रागिनी प्रजापति प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार रिकॉर्ड डांस में वर्ग अ की वैष्णवी निषाद, वर्ग ब की अनीका जैन तथा वर्ग स सत्यांशी शर्मा प्रथम स्थान पर रही। फैंसी ड्रेस में वर्ग अ में प्रथम स्थान पर दिव्यांश तिवारी, वर्ग ब में ओजस जैन तथा वर्ग स में ओमचंद चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा ग्रुप डांस प्रतियोगिता के वर्ग ब एवं स के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं स्थिर मॉडल में समीर महोबिया, ऋतिक पटेल, चलित मॉडल में यशिका रैकवार एवं मुस्कान बानो तथा चार्ट मॉडल में रौनक गुप्ता एवं ऋषि कोरी को पुरस्कृत किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी एवं खेल प्रतियोगिता कबड्डी, खो खो एवं वालीबॉल प्रतियोगिता के भी विभिन्न वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महापौर श्रीमती सूरी ने विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा जिन बच्चों का इस प्रतिस्पर्धा में स्थान नहीं लग पाया वे निराश न हों।

---



## आशा उषा संगठन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आशा उषा संगठन की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती नर्मदा ठाकरे के निर्देशन में एवम आशा उषा संगठन की ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रतिष्ठा गर्ग की उपस्थिति में आशा उषा महिला संगठन द्वारा रविवार को कटनी में सिविल लाइन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला एवं ब्लाक से आई आशा एवम उषा कार्यकर्ता बहनों ने अपनी उपस्थिति देकर संगठन की बैठक में संगठन को लेकर विस्तार से आशा उषा कार्यकर्ताओं के हित मे चर्चा कीं और आगे की लड़ाई लड़ने के लिए संगठन को मजबूत कर संगठन को सशक्त करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित आशा उषा कार्यर्ताओं ने यह निर्णय लिया कि हमारी बहनों का शोषण हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रतिष्ठा गर्ग एवं शहरी जिला अध्यक्ष सुरेखा ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष दिव्या केवट, जिला सचिव आभा दुबे , जिला कोषाध्यक्ष बरखा दुबे , संगठन मंत्री आशा मिश्रा जिला मंत्री हेमलता ठाकुर आदि मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### लोसेआ की परीक्षा में अजीत मिश्रा प्रथम स्थान अर्जित कर बने डिप्टी कलेक्टर



पन्ना। जिला के मंधा निवासी संतोष मिश्रा के पुत्र ने गांव सहित जिला का नाम किया रोशन खुशी की लहर
गुनौर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में पन्ना जिले के एक छोटे से गांव मँधा के संतोष मिश्रा के पुत्र अजीत कुमार मिश्रा ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। वर्तमान में अजीत मिश्रा मैहर जिले में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं। अजीत मिश्रा का प्रशासनिक सफर साल 2022 में नायब तहसीलदार पद पर चयन के साथ शुरू हुआ। अजीत मिश्रा की काबिलियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2024 में वे असिस्टेंट डायरेक्टर (फाइनेंस) के पद पर भी चयनित हुए थे। लगातार सफलता की इस श्रृंखला से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। अजीत मिश्रा के डव्वै टॉपर बनने की खबर मिलते ही मैहर प्रशासनिक अमले और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, पन्ना जिले में उनके घर पर खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। अजीत के सहयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

### शिरीष अग्रवाल कांग्रेस में शामिल



पन्ना। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री शिरीष अग्रवाल ने देशहित एवं विचारधारा से प्रेरित होकर 6 नवम्बर 2025 को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम संस्कार गार्डन, देवेंद्रनगर में आयोजित किया गया, जहाँ गुन्नौर प्रभारी अशोक मिश्रा एवं निर्वाचन प्रभारी राजबहादुर पटेल की उपस्थिति में श्री अग्रवाल को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गुलाल एवं पुष्पमाला पहनाकर और शाल-श्रीफल भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। श्री शिरीष अग्रवाल देवेंद्रनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं और पिछले चार दशक से भारतीय जनता पार्टी के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने देशहित एवं जनता की सेवा की भावना से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया है और आने वाले समय में जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनसे जुड़े सैकड़ों सहयोगी और समर्थक शीघ्र ही कांग्रेस में शामिल होंगे, जिससे संगठन को क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी।

### सेवा और संवेदना की मिसाल बने डॉ. विनोद तिवारी

पन्ना। सीएचसी देवेंद्रनगर में मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए डॉ. विनोद तिवारी ने ठंड के मौसम में मरीजों को राहत हेतु 30 कंबलों का दान किया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि यह पहल मरीजों को भौतिक के साथ मानसिक रूप से सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करती है। डॉ. तिवारी के इस कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाने में मदद करेंगे और उपचार में सहजता बढ़ेगी। डॉ. तिवारी ने कहा कि समाज के संवेदनशील से ही सेवा भाव साकार होता है। और जनसेवा को ही सच्चे धर्म के रास्ते की उपलब्धि है। भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण कार्यकर्ता हृदयेश सिंह परमार, बालवीर सिंह परमार, गौरव तिवारी सहित सीएचसी परिवार के सदस्यों ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर सभी ने डॉ. तिवारी को उनके इस सामाजिक योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

### अब घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाण पत्र

पन्ना। हर साल नवम्बर माह में पेंशनरों को अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र बैंक में देना पड़ता है। लेकिन जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति हैं या फिर चलने-फिरने में असमर्थ हैं। को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने पेंशनधारकों के लिए एक सुविधाजनक सेवा की शुरुआत की है। अब पेंशनधारकों को अपने जीवन प्रमाण बनवाने के लिए बैंकों या सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। डाक विभाग ने इस कार्य के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सुविधा प्रारंभ की है, जिसके तहत अब डाक विभाग डूर स्टेप सर्विस के माध्यम से स्वयं पेंशनधारक के घर पहुंचकर जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेगा।

---

#### प्रतिभागियों के साथ प्रधान न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीश एवं कलेक्टर भी हुए शामिल

# विधिक सेवा दिवस अवसर पर मैराथन न्याय के लिए किया दौड़ का आयोजन





### विधिक सेवा प्रदर्शनी का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुभाष सोलंकी की अध्यक्षता में 9 से 14 नवंबर 2025 तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आज प्रातः 08 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा श्री सुभाष सोलंकी, कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा ए.डी.आर.भवन जिला न्यायालय परिसर दमोह से हरी झण्डी दिखाकर मैराथन-न्याय के लिए दौड़ थीम पर मैराथन का शुभारंभ किया गया। उक्त मैराथन अम्बेडकर चौक, कीर्ति स्तम्भ, जे.पी.बी.कन्या विद्यालय से होते हुए वापिस ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर दमोह में समाप्त हुई। मैराथन में प्रतिभागियों के साथ न्यायाधीशगण एवं कलेक्टर ने सम्मिलित होकर प्रतिभागियों के साथ सहभागिता की।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुभाष सोलंकी ने बताया 09 से 14 नवम्बर तक इस न्यायोत्सव अंतर्गत विभिन्न वर्ग के लोगों को विधिक सेवा की योजनाओं से लाभान्वित करने व उन्हें जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। जिसमें जेल बंदी, ग्रामीण क्षेत्र, श्रमिक बस्तियां, छात्र/छात्राओं के वर्ग को उनके अधिकार व शासन से मिलन वाली जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही विद्यालयों/महाविद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जावेगा।

उन्होंने बताया विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से नालसा एवं सालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्याय को उत्सव के रूप में सप्ताह भर मनाया जायेगा। उन्होने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की जो योजनायें है वह समाज के हर वर्ग के लिए है और विशेष रूप से गरीब वर्ग जो न्याय पाने के लिए सक्षम नहीं है उसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जो सिपाही है वह उनके लिए कार्य करते है और उन्हें उचित फोरम तक पहुंचाने का कार्य करते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जो न्यायोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है उसके सफल होने की कामना करते है। जिला प्रशासन का जो भी सहयोग होगा वह उपलब्ध कराया जायेगा।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, जिला प्रशासन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पी.एल.व्ही. व उपस्थित विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं, पुलिस विभाग, एवं विभिन्न विभागों का मैराथन के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री उदय सिंह मरावी सहित न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, मनीष नगाईच चीफ सहित समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल(न्याय रक्षक), अभियोजन अधिकारी कैलाश पटैल एवं अन्य सहायक लोक अभियोजन अधिकारीगण, डॉ. मीरा महंत, प्रोफेसर पी.जी.कॉलेज के.एस. बामनिया, एन.सी.सी. अधिकारी पी.जी.कॉलेज, शैलेन्द्र चौधरी, खेल विभाग, रजनीश चौरसिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, दीपक सोनी, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी व विश्वनाथ विल्थरे, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ, न्यायिक कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कर्मचारीगण जनअभियान परिषद दमोह, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, विद्यालयीन व महाविद्यालयीन छात्र/छात्रायें एवं पैरालीगल वालेंटियर्स(न्याय मित्र) सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

---

## कथा सुनने से मानव जीवन में संस्कारों का उदय होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया




ठकरास मोहल्ला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया। कथा वाचक ने राजा दशरथ के चारों पुत्रों की जन्म की कथा सुनाई। इसके साथ ही देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण के अवतार की कथा का वर्णन किया। उक्त अवसर पर कथा वाचक भरत द्विवेदी ने कहा कि कथा सुनने से मानव जीवन में संस्कारों का उदय होता है। मनुष्य को कितनी भी कठिन परिस्थिति का सामना क्यों न करना पड़े । उसे अपना धर्म और संस्कार नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बालक कच्चे घड़े के समान होते हैं। उन पर बचपन में अंकित संस्कार जीवन भर नहीं मिटते। इसलिए बच्चों के सामने कभी संकीर्ण विचार या नकारात्मक व्यवहार नहीं दिखाना चाहिए। क्योंकि वे जो देखते हैं वहीं उनके जीवन के संस्कार बन जाते हैं। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब पृथ्वी पापियों के बोझ से दब गई तब देवताओं ने भगवान विष्णु से अत्याचारों का अंत करने का निवेदन किया। तब देवकी के आठ में पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण का जन्म कंस की कारागार में हुआ। जहां उनके माता-पिता बंधक थे। भगवान के जन्म के समय कारागार के द्वार अपने आप ही खुल गए। सारे पहरेदार गहरी निद्रा में चले गए। वासुदेव बालकृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना नदी पार गोकुल ले गए। जहां पर नंद बाबा की पत्नी यशोदा के यहां नवजात कन्या (योगमाया) का जन्म हुआ था। कन्या के स्थान पर बालक कृष्ण को रख दिया। सुबह होते ही सम्पूर्ण गोकल में आनंद की लहर दौड़ गई। ढोल नगाड़े बजने लगे। और महिलाएं ₹ नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की₹ के गगन भेदी नारे पूरे कथा पंडाल में गूंजने लगे । और महिलाएं मंगल गीत गाने लगी। इसके बाद पंडाल में वासुदेव यशोदा और श्री कृष्ण के बाल रूप की सुंदर झांकी सजाई गई । श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए नृत्य किया। उक्त अवसर पर यजमान तखत सिंह बगिया वाले,नारायण सिंह, रघुवर सिंह,श्रीमती शकुन बाई, कुंती बाई सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



---

## जैसे ही भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाया इंद्र का घमंड टूट गयाः रवि कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के चरहाई बाजार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा श्रवण भक्तों द्वारा बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कथा वाचक पं. रवि कृष्ण शास्त्री (जसवंतपुरा) ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहर वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि सच्चा धनवान वही है जो अपने तन, मन और धन से सेवा व भक्ति करता है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम और समर्पण से ही संभव है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि पूतना राक्षसी द्वारा बालकृष्ण को उठाकर स्तनपान कराते ही भगवान ने उसका उद्धार कर दिया। इसके बाद माता यशोदा द्वारा पंचगव्य से भगवान का अभिषेक कराने का प्रसंग वर्णित किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा, गायत्री मंत्र एवं गीता पाठ के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि गाय माता की सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की सेवा के समान पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्री जी ने पृथ्वी रूपी गाय के द्वारा श्रीकृष्ण को पुकारे जाने का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि पृथ्वी का भार उतारने हेतु भगवान व्रज में अवतरित हुए और मिट्टी में खेलना भी उसी उद्देश्य का संकेत है। बालकृष्ण के मुख दर्शन के प्रसंग में माता यशोदा द्वारा संपूर्ण चराचर जगत का दर्शन होने का अद्भुत वर्णन प्रस्तुत किया गया। कथा वाचक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति को समझने हेतु गीता, भागवत और रामायण का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ियां भी संस्कारवान बनेंगी। गिरिराज पूजा प्रसंग पर शास्त्री जी ने बताया कि जब ब्रजवासियों ने इंद्र पूजा छोड़कर गिरिराज जी की पूजा शुरू की, तो इंद्र ने क्रोधित होकर मूसलाधार वर्षा कर दी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका पर गिरिराज को धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का अहंकार दूर किया। पश्चात इंद्र ने भगवान से क्षमा प्रार्थना कर स्वयं स्वीकार किया कि उसके पास जो कुछ भी है, वह भगवान की ही कृपा से है। कथा के समापन पर भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक संपन्न



दमोह। स्वामी विवेकानंद सेवा विकास एवं उत्थान समिति, दमोह के तत्वावधान में जिला स्तरीय "स्वामी विवेकानंद कप" क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता स्थानीय एक्सीलेंस स्कूल मैदान में दिनांक 31 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक खेली जाएगी। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर खेला जाएगा, जिसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समिति की बैठक आज 9 नवंबर 2025 को बेलाताल पार्क, दमोह में आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लगभग 12 वर्षों के अंतराल के बाद दमोह में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में दमोह के वरिष्ठ एवं अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और सहयोग रहेगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्य अध्यक्ष इंजी. शैलेंद्र परिहार, प्रशांत शेंडे, दिनेश पालीवाल, जितेंद्र परिहार, वीरेंद्र विश्वकर्मा, महेंद्र ताम्रकार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, महेंद्र राठौर, सत्यम सिंह परिहार, धर्मेंद्र मिश्रा, सुशील सिसोदिया, शोभित अग्रवाल, मिकी चंदेल, वसीम राजा, अखिलेश सिंह एवं विजय रैकवार आदि उपस्थित रहे। समिति ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

## दुख निवारण चालीसा महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अमृत वैल्ला दमोह परिवार द्वारा आयोजित दुख निवारण चालीसा महोत्सव का सातवाँ वर्ष इस बार भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में मनाया जा रहा है। यह पवित्र आयोजन शहर के सिंधी कच्चा कैंप स्थित सिंधी धर्मशाला में विगत 24 अक्टूबर से सतत रूप से जारी है। प्रत्येक दिन अमृत वेला यानी ब्रह्म महूर्त प्रातः 3:45 बजे श्री जपजी साहिब जी के पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ होता है। इसके पश्चात भाई साहब भाई गुरप्रीत सिंह (रिंकू वीर जी बॉम्बे वाले) द्वारा मधुर स्वर में गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया जाता है। वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर हिंदी में अर्थ सहित शब्द-कीर्तन और वाहेगुरु जाप कराया जाता है, जिससे संगत को सहज रूप से गुरबाणी का भाव समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में सिंधी एवं सिख समाज के बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में नित प्रतिदिन उपस्थित होकर गुरु चरणों में हाजिरी भर रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः लगभग 6:15 बजे अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन होता है, जिसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं चाय-नाश्ते की सेवा की जाती है। अमृत वैल्ला परिवार ने समस्त नगरवासियों से इस पावन अवसर पर गुरु दरबार में हाजिरी भरकर गुरु कृपा प्राप्त करने की विनम्र अपील की है।

---

#### प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी, अव्वल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# विधिक सेवा दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन



पन्ना।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा रविवार को विधिक सेवा दिवस के मौके पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय ने जिला न्यायालय परिसर स्थित प्राधिकरण कार्यालय से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही फीता काटकर विधिक सेवा प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया गया।
मैराथन रैली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना से आरंभ होकर अजयगढ़ चौराहा, पुरानी कचहरी, प्राणनाथ चौक से होते हुए गांधी चौक तक पहुंची एवं वापस प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें पुरूष वर्ग में अभिलाष सिंह ठाकुर ने प्रथम, शीवेन्द्र शुक्ला ने द्वितीय एवं देवीदीन अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में विधि छात्रा अलीसा नाज ने प्रथम, बेबी चौधरी ने द्वितीय और चाहना शिवहरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अव्वल प्रतिभागियों को विजेता ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रविवार से 14 नवम्बर तक निरंतर चलने वाली विधिक सेवा सप्ताह की अन्य गतिविधियां भी प्रारंभ हुईं। प्रथम दिवस विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से नालसा एवं सालसा की योजनाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न विधिक सेवाओं व योजनाओं का प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर आम नागरिकों से भी प्रदर्शनी के अवलोकन का आग्रह किया गया।
कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रीतिका पाठक, न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र सिंह एवं श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, जिला जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा, जिला चिकित्सालय से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सैंकी अग्रवाल, मेल नर्सिंग ऑफिसर अजय डुडवे, मस्तराम रजक, लोकेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह, पवन पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक, शशांक चतुर्वेदी, राजकुमार सेन, शर्मिला विश्वास, देवीदीन अहिरवार, प्रशांत कुशवाहा, अनुराग गुप्ता, मुकेश सोनी, सलमान खान, जयप्रकाश लटोरिया सहित पैरालीगल वालंटियर्स तथा अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

### हर विवाह का होगा पंजीयन सामूहिक विवाह में कार्यक्रम स्थल पर ही प्रमाण पत्र देने का सुझाव

पन्ना। देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत प्रतिशत पंजीयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए गए हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ि के अधीन सत्यापित किए गए विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने का सुझाव दिया गया है। सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है।
स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में भी अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर प्रसाद खरे सचिव बने

पन्ना।

पन्ना जिले की साहित्यिक संस्था जिला बुंदेली साहित्य संस्कृत भाषा विकास संरक्षण समिति द्वारा लगातार सामाजिक एवं उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं जिसको देखते हुए लोग उक्त संस्था से लगातार जुड़ रहे हैं उक्त संस्था के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा प्रबोध द्वारा लगातार सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को जोड़ा जा रहा है इसी कड़ी में वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक रामेश्वर प्रसाद खरे को सचिव नियुक्त किया गया है श्री खरे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षक रहे हैं अब वह सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं उनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों शुभचिंतकों साहित्यकारों पत्रकारों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



#### मित्रता हो तो कृष्ण -सुदामा जैसी हो - पंडित कुण्डल शास्त्री

### कथा में कृष्ण -सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

पवई। मॉं कलेही की पावन नगरी पवई में मिलौनीगंज स्थित मॉं सिद्धेश्वरी मंदिर प्रांगण मे लखेरा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इस पावन पुनीत कथा के कथावाचक पं. कुण्डल कृष्ण शास्त्री चित्रकूट धाम है जिनके मुखारविंद से 03 नवंबर से 10 नवंबर तक श्रीमदभागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन सुनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 09 नवंबर रविवार को सुदामा चरित्र का बड़ा ही मार्मिक वर्णन सुनाया उन्होंने कहा की मित्रता मे गरीबी और अमीरी नही देखनी चाहिए, मित्र एक दूसरे का पूरक होता है उन्होंने बताया की सुदामा चरित्र हमे जीवन मे आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है सुदामा ने भगवान के पास होते हुए भी अपने लिए कुछ नाही मांगा अर्थात निःस्वार्थ समर्पण ही मित्रता है साथ ही मित्र का विपरीत परिस्थिति मे साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है । इसके पूर्व 08 नवंबर शनिवार को रामलीला वर्णन ,कंस वध सहित रुक्मणि विवाह के प्रसंग की कथा का संगीतमय श्रवण कराया गया कथा पंडाल मे विवाह का प्रसंग आते ही चारो तरफ से श्रीकृष्ण - रुक्मणि जी पर पुष्पवर्षा हुई। आयोजनकर्ता लखेरा परिवार द्वारा धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी महिला की जान बचाई

**दमोह।** जिले के हटा ब्लॉक के रनेह ग्राम में एक आदिवासी महिला की जान बचाने में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने सफलता हासिल की है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में सीएमएचओ और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी के मार्गदर्शन में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नवंबर माह में जीरो MDR संकल्प के तहत एक महिला, जो आठ माह की गर्भवती थी और उसका 10 वां गर्भ था, स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच रही थी। वह महिला बार बार मजदूरी हेतु अपने परिवार के साथ अन्य जगह चली जाती थी। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले और डेवलपिंग पार्टनर डॉ. अनंत कुमार के प्रयासों के बावजूद भी महिला हॉस्पिटल नहीं आ रही थी। सीबीएमओ हटा ओर एसडीएम हटा के समन्वय से रनेह थाना प्रभारी के साथ संयुक्त होम विजिट की गई और महिला को स्वास्थ्य के प्रति समझाइश दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला और उसके परिजनों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियाँ दीं और नियमित जांच की आवश्यकता समझाई। समझाइश के बाद महिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह आने के लिए तैयार हुई। महिला को पीएचसी रनेह ले जाया गया और सभी प्रकार की स्वास्थ सेवाएं दी गईं। टीम में अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) डॉ. उमाशंकर पटेल, थाना प्रभारी चंदन सिंह, SMO रनेह डॉ. अनंत कुमार, बीसीएम देवेंद्र ठाकुर, आशा सुपरवाइजर, और आशा कार्यकर्ता शामिल थे।

### पढाई के साथ बच्चों को संस्कारवान बनाएं

**नरसिहगढ़।** श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य पंडित मृदुल बिहार शास्त्री ने कहा कि यह भारत देश तपस्वियों की भूमि है। दया भी हमारी विनाश का कारण बनती है। विद्वान बड़े-बड़े वेदों को पढ़कर बनते हैं। लेकिन भारत महाभारत रामायण कान-कान में है। यदि आप भगवान अपने अंदर ढूंढो हो रहे हो तो भगवान नहीं मिलेंगे। भगवान को पाना है तो अपने आप को बदलो, किसी की निन्दा मत करो। खर्चीली शादी नहीं होना चाहिए। खर्चीली शादियां अपने को बर्बाद करती है। उन्होने सभी से कहा कि अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं और अपनी संस्कृति की ओर ले जाए। शिक्षित बनाएं पर संस्कार जरूरी है। कथा श्रोता ममता गुड्डू यादव, मुकुंदी यादव और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

तनाव के बीच तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# मामूली बात पर चाकू बाजी युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर में चाकूवाजी को घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को नया बाजार क्षेत्र में एक कपड़ा व्यवसाई युवक पीयूष जैन अपनी दुकान पर चाकू वाजी का शिकार होने से बाल बाल बचा था। जिसकी आपबीती की वीडियो सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल होती रही थी। वही रात में हुई एक चाकूबाजी की घटना में गंभीर गौसेवक किशोर की जान नहीं बचाई जा सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर के पास शनिवार देर रात हुई चाकू बाजी को घटना में 17 वर्षीय सुमित जैन, जो इलाके में गौसेवा कार्यों से जुड़ा था, की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद शहर में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य फरार बताया जा रहा है। सुमित जैन अपने तीन साथियों के साथ दो मोटरसाइकिलों से किल्लाई नाका की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और एक आरोपी ने अपने साथी को फोन कर मौके पर बुला लिया। इसके बाद झगड़ा बढ़ गया और आरोपियों ने सुमित जैन और उसके साथी शिवा चौरसिया पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित को जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। देर रात शव के दमोह पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना में घायल शिवा चौरसिया ने बताया कि उनका किसी से कोई पुराना विवाद नहीं था। शराब के नशे में धुत युवकों ने रास्ते से गुजरते समय गाली-गलौज की, जिसे मना करने पर झगड़ा बढ़ गया और एक आरोपी ने अपने साथी को बुलाकर हमला कर दिया।

मामले में सीएसपी एच.आर. पांडे ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों आकाश पाठक शिवम पाठक अंकुश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि चौथे की तलाश जारी है। तनाव की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल और घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था पुलिस अधिकारियों का कहना है एक और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।





# बीच सड़क पर सांप नेवले की आधा घंटे तक चलती रही लड़ाई, संघर्ष में सांप की हुई मौत

**हटा।** नगर के समीपस्थ गैस गोदाम के पास रनेह रोड पर शनिवार दोपहर करीब सांप और नेवले की जोरदार लड़ाई देखने को मिली जो दृश्य देखने सड़क के दोनों और लोगों की भारी भीड़ लगी रही। दरअसल पहले खेत से सांप अचानक सड़क पर आ गया, तभी झाड़ियों से एक नेवला निकलकर उस पर टूट पड़ा। दोनों के बीच करीब 35 मिनट तक संघर्ष चलता रहा। अंत में नेवले ने सांप को मार दिया। इस घटना का वीडियो लोगों ने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो खूब वायरल हो रहा है।



## मंडी में नियम 24 घंटे का, पर व्यापारियों द्वारा किसानों को किया जा रहा 4-5 दिन में भुगतान

**पथरिया।** किसान कल्याण विभाग व मंडी बोर्ड द्वारा कृषि उपज मंडी में किसानों को उपज बेचने के 24 घंटे में भुगतान करने का नियम व्यापारियों को है पर व्यापारियों द्वारा कभी भी 24 में आरटीजीएस नही किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी में किसानों को शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत नगद भुगतान लेने पर योजना का लाभ नही मिलने से किसानों को अपनी उपज मंडी में बेचने के बाद व्यापारियों को पंजीयन व कागज जमा करना होता है। उसके बाद जितने रेट से व्यापारियों ने खरीदा उसका भुगतान व्यापारियों द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा। वाकि मांडल रेट से जो अंतर होगा उसका भावांतर योजना के तहत राशि संबंधित किसानों के खाते में शासन द्वारा दी जाएगी। पर 24 घंटे के नियम होने के बाद भी व्यापारियों द्वारा 4-5 दिनों में आरटीजीएस किया जा रहा है। किसानों द्वारा मंडी में शिकायत करने भी पहुंच रहें। प्रभारी सचिव रहते नही जिनकी जिम्मेदारी वह व्यापारियों से बात करके जो वह बता दें किसानों को समझाकर बता देते हैं पर कार्यवाही कुछ नहीं की जाती जिससे किसान परेशान हैं।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा गंभीर अपराधों के निकाल हेतु एवं फरार अपराधियों के गिरफ्तारी कर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना दमोह देहात के अप.क. 709/25 धारा 109 बीएनएस के घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे, गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नगद इनाम की उद्घोषणा की गई है। दिनांक 08.11.25 को मुखबिर से प्रकरण के आरोपी मुकेश यादव एवं नरेन्द्र यादव के संबंध में गढ़ाकोटा में होने की सूचना प्राप्त हुई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में निरीक्षक रचना मिश्रा के नेतृत्व में चौकी जबलपुर नाका प्रभारी उनि प्रसीता कुर्मी एवं उनकी टीम द्वारा दविश दी गयी जो गढ़ाकोटा जिला सागर से प्रकरण के दो प्रमुख आरोपी मुकेश यादव एवं नरेन्द्र यादव को पकड़ा जाकर घटना में प्रयुक्त बोलेरो कॉर एवं हथियार जप्त किये गये है। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश यादव पिता कालीचरण यादव उम्र 32 साल निवासी मझगुंवा थाना गढ़ाकोटा जिला सागर एवं नरेन्द्र यादव उर्फ लल्लू पिता खेमचंद यादव उर्फ भिम्मू यादव उम्र 27 साल निवासी मझगुवा थाना गढ़ाकोटा जिला सागर शामिल है। कार्यवाही में शामिल अधिकारी/कर्मचारी उनि प्रसीता कुर्मी, प्र. आर. सचिन नामदेव, म.आर. सुमन यादव, प्रआर रामकुमार, आर0 गौरव, आर रूपेश, आर सुरेन्द्र, आर हेमराज, सैनिक महफूज एवं सायबर सेल दमोह की विशेष भूमिका रही।

## गैसाबाद संकुल केंद्र में शासन के आदेश का नहीं हो रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक ओर जहां शासन के आदेश अनुसार किसी भी स्कूल से शिक्षकों को दूसरी शाला में अटैच नहीं किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर गैसाबाद संकुल केंद्र में शासन के इस आदेश की अवहेलना की जा रही है। जिसका ताजा उदाहरण ग्राम खमरगौर के स्कूलों में साफ देखा जा सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार आशीष जैन जो विज्ञान के शिक्षक है इनकी पद स्थापना शासकीय माध्यमिक शाला खमरगौर में है। इनका अटैचमेंट बीआरसी कार्यालय हटा में किया गया है। नारायण दास तिवारी जिनकी मूल शाला प्राथमिक शाला खैरा है जो शासकीय माध्यमिक शाला खमरगौर में अटैच है। इसी तरह गनेश सेन प्राथमिक शाला खमरगौर में पदस्थ है लेकिन यह साहब जन शिक्षक बनकर बीआरसी कार्यालय में कार्य करते हैं। इसी क्रम में लगातार कई वर्षों से शासकीय माध्यमिक शाला गैसाबाद में अटैच किए गए शिक्षक विद्यासागर पाठक ऑफिस में बैठकर लिपिक का कार्य कर रहे हैं। जबकि इनकी पद स्थापना प्राथमिक शाला खमरगौर में है वहीं से इनका वेतन भी बनता है, प्राथमिक शाला मुहन्ना में कार्यरत शिक्षक पूरन लाल कुर्मी को प्राथमिक शाला खमरगौर में अटैच किया गया है। यह अटैचमेंट शासन के नियम मुताबिक नहीं होना चाहिए लेकिन फिर भी धड़ल्ले से अटैचमेंट किए गए हैं जो शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं, यहां पर विचारणीय पहलू यह बनता है कि जैसे आशीष जैन विज्ञान के शिक्षक हैं। इनको बीआरसी कार्यालय हटा में अटैच करके कार्यालय के कार्य कराए जा रहे हैं। इनकी अनुपस्थिति में खमरगौर की शाला में अध्यरात छात्रों को विज्ञान का विषय कौन? पढ़ाता होगा यह सवाल खड़ा होता है, स्कूल मे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने हरिभूमि को बताया कि हमारे स्कूलों में वैसे ही शिक्षकों की कमी है ऊपर से हमारी शाला के कुछ टीचरों का दूसरी शालाओं में अटैचमेंट हो जाने के कारण हम लोगों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से टीचरों के अटैचमेंट पर रोक लगाये जाने एवं शिक्षकों को अपनी मूल शाला में पदस्थ किए जाने की मांग की है। इस मामले पर जब प्रभारी प्राचार्य संतोष तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि शिक्षकों की कमी के चलते कुछ शिक्षकों को अटेच किया गया है। हालांकि मुहन्ना शाला के शिक्षक पूरनलाल कुर्मी को शीघ्र ही उनकी मूल शाला में वापिस भेजा जाएगा। वही बीईओ बीएल बिदौल्या से जब हमारे संवाददाता ने बात की तो बीईयो साहब उल्टा सवाल करने लगे कि आपने प्राचार्य और बीआरसीसी से बात की इसका जवाब वही देंगे जब संवाददाता ने कहा कि आप भी तो एक जवाबदार अधिकारी हैं आप क्या कहेंगे इस विषय पर तब साहब ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है प्राचार्य से बात करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सप्त शक्ति संगम में मातृशक्ति के योगदान पर हुआ सारगर्भित विमर्श

**दमोह।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डॉ. कानेटकर भवन, दमोह में सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत की योजनानुसार "सप्त शक्ति संगम" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती पुष्पा चिले ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के विकास में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने माताओं को समाज के सांस्कृतिक, नैतिक और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की प्रमुख धुरी बताया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं श्रीमती रंजीता गौरव पटैल (जिला पंचायत अध्यक्ष) तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री गुणमाला जैन रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सोनल राय ने की। मंच पर डॉ. प्रेमलता नीलम एवं संयोजक श्रीमती भावना दुबे भी उपस्थित रहीं। डॉ. प्रेमलता नीलम ने कहा कि भारतीय दृष्टि में कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण में माताओं की भूमिका अत्यंत विशेष रही है। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्रीमती अनिता गुप्ता ने प्रस्तुत की, जबकि अतिथियों का परिचय श्रीमती ज्योति सोनी ने दिया। स्वागत का दायित्व श्रीमती नीतू सोनी और श्रीमती मेंदा पटैल ने निभाया। कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता दीक्षित द्वारा विशिष्ट माताओं का सम्मान किया गया तथा प्रश्नोत्तरी सत्र श्रीमती संगीता तोतानी के संचालन में संपन्न हुआ। माताओं का तिलक बंधन श्रीमती कल्पना सोनी, श्रीमती सीमा खरे एवं श्रीमती स्मृति दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. साक्षी सेन (आयुष विभाग मेडिकल ऑफिसर), डॉ. शोभा अवस्थी एवं डॉ. स्वप्ना तिवारी (प्राचार्या, विद्या विहार) की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुल 263 माताओं की सहभागिता रही, जिन्होंने उत्साहपूर्वक पंच परिवर्तन पर आधारित इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला संयोजिका श्रीमती विभा पलनीटकर ने किया।

## पहले जनपद सीईओ, फिर डीएसपी अब डिप्टी कलेक्टर बने तेंदूखेड़ा के अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेंदूखेड़ा नगर के बस स्टैंड निवासी एडवोकेट नेमचंद जैन के बेटे अभिषेक जैन ने एक साल के अंदर तीन उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। पहले वह जनपद सीईओ बने उन्होंने लखनादौन में जाकर जॉइनिंग दी थी उसके दो महीने बाद उनका डीएसपी पद के लिए चयन हुआ और अब वह डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हुए हैं। उनकी मां सरिता जैन गृहिणी हैं। इससे पहले अभिषेक ने इंदौर में रहकर परीक्षा की तैयारी की थी। यह उनकी चौथी जॉइनिंग है। उनकी सबसे पहले जॉइनिंग वित्त विभाग में हुई थी। इसके बाद 2024 में एमपीपीएससी की परीक्षा दी थी जिसमें उनका चयन डीएसपी के पद पर हुआ था। वह ज्वाइन करने के लिए पहुंचे थे और एक माह बाद वे डिप्टी कलेक्टर बने हैं अभिषेक को इस उपलब्धि पर नगर के परिजन सहित समाज के लोगों शुभकामनाएं व बंधाई दी।

## मंडी में सुरक्षाकर्मी तैनात फिर भी किसान परेशान

**पथरिया।** कृषि उपज मंडी पथरिया में 10-12 सुरक्षा कर्मी है लेकिन उसके बाद भी किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रहे इसके लिए खुद गाय व चोरी ना हो जाए देखना पड़ता है क्योंकि नाम के लिए कर्मचारी कंपनी द्वारा रखे गए हैं भुगतान मंडी से किया जा रहा है पर वह जितने है उससे आधे आते ही नही है वही कहा अपनी सेवाएं दे रहे पता नही या सब जानकर भी अनजान बने हुए हैं।

पेंडिंग अपराधों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# डीआईजी ने किया हटा थाना का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



सागर संभाग के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सागर रेंज, श्री शशींद्र चौहान ने हटा पुलिस थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण और पेंडिंग मामलों समीक्षा कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी चौहान ने सर्वप्रथम क्षेत्र की भौगोलिक सामान्य जानकारी लेते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता, प्रमुख मार्गों, और महत्वपूर्ण स्थानों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने थाने के रिकॉर्ड का अवलोकन किया, जिसमें विभिन्न रजिस्टरों के रख-रखाव और अद्यतन की जांच की एवं थाने में पेंडिंग लंबित मामलों की फाइलें देखीं और उनके त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता और गति बनाए रखने पर जोर दिया। डीआईजी ने थाना प्रभारी को फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेने और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा क्षेत्र में नियमित और प्रभावी पेट्रोलिंग करने, खासकर रात के समय, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके। डीआईजी का यह आकस्मिक निरीक्षण पुलिसिंग को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने और जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि डीआईजी के हटा निरीक्षण उपरांत ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय द्वारा निर्देशों पर एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया जहां उन्होंने बस स्टैंड एवं मंदिर-मस्जिद चौराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही प्रारंभ कर दी जहां अखिल कुमार पिता अमर सिंह ठाकुर निवासी प्रेमपुरा एवं संस्कार पिता दिनेश पाराशर निवासी चंडी जी वार्ड हटा के विरुद्ध शराब के नशे में मोटरसाइकिल चलाने पर चालानी कार्यवाही की गई।

जिओ की डिवाइस चोरी से हजारों यूजर्स परेशान

# सिंग्रामपुर में डिजिटल ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



सिंग्रामपुर क्षेत्र में बीते पांच दिनों से जिओ नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़ा है। मोबाइल कॉल से लेकर इंटरनेट, बैंकिंग और यूपीआई भुगतान तक सबकुछ बंद है। लोगों का डिजिटल जीवन थम गया है। यह समस्या किसी तकनीकी खराबी के कारण नहीं, बल्कि ओएफसी एक्सचेंज से 5G डिवाइस चोरी होने की वजह से उत्पन्न हुई है, जिसने पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व सिंग्रामपुर स्थित रिलायंस जिओ के ओएफसी एक्सचेंज से अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े 5G नेटवर्क की मुख्य डिवाइस चोरी कर ली। घटना के बाद जिओ नेटवर्क अधिकारियों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी की इस वारदात के बाद सिंग्रामपुर और आसपास के दर्जनों गांवों में जिओ की सभी सेवाएं — 5G, जिओ फाइबर — पूरी तरह बंद हैं। नेटवर्क ठप होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फोन कॉल न लगने से संवाद पूरी तरह बाधित है। बैंकिंग सेवाएं, यूपीआई पेमेंट और ऑनलाइन लेनदेन ठप हो गए हैं। क्षेत्र के व्यापारियों, विद्यार्थियों और सरकारी कार्यों पर भी इसका असर पड़ा है। कई दुकानदारों ने बताया कि डिजिटल भुगतान न हो पाने से उनका कारोबार आधा रह गया है।

सिंग्रामपुर निवासी डॉक्टर धर्मेंद्र ने कहा कि गुरुवार से मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह गायब है। "ना कॉल हो रही है, ना इंटरनेट चल रहा है। मरीज तक यह कह रहे हैं कि फोन नहीं लग रहा। यह परेशानी अब असहनीय होती जा रही है।"

बीडीसी प्रतिनिधि दीपक यादव ने बताया कि क्षेत्र में यह समस्या लगभग एक सप्ताह से बनी हुई है। "5G सेवा का पैसा चुका चुके हैं, पर अब 4G पर भी बात नहीं हो पा रही। जिओ कस्टमर केयर को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।"

स्थानीय व्यापारी भरत धनगर और सुशील पटेल ने बताया कि नेटवर्क ठप होने से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित है। "ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे रोज़ का व्यापार करीब 50 प्रतिशत तक गिर गया है। छोटे दुकानदारों के लिए यह बड़ी समस्या बन चुकी है।"

इस मामले में जिओ हेड आदित्य पांडे ने कहा कि "सिंग्रामपुर में 5G डिवाइस चोरी होने की जानकारी गुरुवार को मिली थी। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी जा चुकी है। चोरी हुई डिवाइस की कीमत लगभग तीन से चार लाख रुपये है। इंदौर से नई डिवाइस मंगाई जा रही है और संभवतः एक-दो दिन में इंस्टाल कर दी जाएगी। उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी जल्द दूर की जाएगी।"

चोरी की इस घटना ने क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्था की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग हैरान हैं कि दिनदहाड़े नेटवर्क की अहम मशीनरी चोरी हो गई और किसी को भनक तक नहीं लगी। जिओ अधिकारियों का कहना है कि नई डिवाइस लगने के बाद सेवाएं धीरे-धीरे बहाल की जाएंगी।

इस बीच सिंग्रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में इंटरनेट ठप रहने से डिजिटल निर्भर जीवन पूरी तरह रुक गया है। ऑनलाइन कामकाज, बैंकिंग, अध्ययन और संचार सब पर असर पड़ा है। क्षेत्रवासी अब यही उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द नेटवर्क लौटे और उनका डिजिटल जीवन फिर से पटरी पर आए।

इस संबंध में जिओ हेड आदित्य पांडे ने बताया कि सिंग्रामपुर में 5G डिवाइस चोरी होने की जानकारी कंपनी को गुरुवार को मिली थी। मामले की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी गई है। उन्होंने कहा कि "संभवतः एक से दो दिन में नई डिवाइस लगाकर सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा के लिए हमें खेद है, कंपनी स्थिति को गंभीरता से ले रही है।" पांडे ने आगे बताया कि चोरी हुई 5G डिवाइस की अनुमानित कीमत तीन से चार लाख रुपये के बीच है। उन्होंने कहा कि नई डिवाइस इंदौर से मंगाई जा रही है और टीम लगातार प्रयासरत है कि सिंग्रामपुर व आसपास के क्षेत्रों में नेटवर्क सेवाएं जल्द से जल्द सामान्य हो जाएं।